राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने की स्व-गणना



शिमला। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने गुरुवार को लोकभवन में जनगणना-2027 के दूसरे चरण के अंतर्गत अपनी स्व-गणना प्रक्रिया पूरी की। जनगणना संचालन निदेशालय, हिमाचल प्रदेश की निदेशक दीप शिखा शर्मा ने राज्यपाल को जनगणना प्रक्रिया के अंतर्गत पूछे जाने वाले 40 प्रश्नों की जानकारी दी। उन्होंने जनगणना के सामाजिक और आर्थिक महत्व तथा विकास योजनाओं और नीतियां तैयार करने में इसकी भूमिका के बारे में अवगत करवाया। राज्यपाल ने प्रदेश की जनता से जनगणना-2027 के दूसरे चरण के तहत बर्फीले क्षेत्रों में जनगणना पहली से 30 सितंबर, 2026 तक पूरी करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विश्वसनीय जनसांख्यिकीय और सामाजिक-आर्थिक आंकड़ों के आधार पर सही विकास नीतियां और कल्याणकारी योजनाएं तैयार करने के लिए जनगणना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बर्फ वाले क्षेत्रों के लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 17 से 31 अगस्त, 2026 तक डिजिटल स्व-गणना की विशेष सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। राज्यपाल ने लोगों से इस आधिकारिक स्व-गणना सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने और 31 अगस्त तक अपने तथा अपने परिवार से संबंधित पूरी और सही जानकारी उपलब्ध करवाने का आग्रह किया

एलएलबी छठे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित

शिमला। एचपीयू ने जून-जुलाई 2026 में आयोजित परीक्षाओं में एलएलबी छठे सेमेस्टर सीबीसीएस नियमित बैच का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. श्याम लाल कौशल की ओर से 20 अगस्त को परिणाम अधिसूचित किया गया। विश्वविद्यालय के अनुसार एलएलबी छठे सेमेस्टर का पास प्रतिशत 83.59 प्रतिशत रहा है। इसमें पुन: परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को भी शामिल किया गया है। परीक्षार्थी विश्वविद्यालय की ओर से उपलब्ध कराए गए अपने आईडी के माध्यम से परीक्षा परिणाम की जांच कर सकते हैं।

हर पात्र छात्र को मिले वजीफा

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिक्षा विभाग को प्रदेशभर में 'वाहिनी छात्रवृत्ति' का प्रचार करने के दिए निर्देश



शिमला। वाहिनी स्कॉलरशिप ट्रस्ट का प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री से भेंट करते हुए

कार्यालय संवाददाता-शिमला

आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के मेधावी विद्यार्थियों को उच्च एवं व्यावसायिक शिक्षा के लिए मिलने वाली वाहिनी छात्रवृत्ति का अब प्रदेशभर में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से पात्र विद्यार्थियों तक छात्रवृत्ति योजना और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी पहुंचाई जाए, ताकि जानकारी के अभाव में कोई भी योग्य विद्यार्थी लाभ से वंचित न रहे। वाहिनी स्कॉलरशिप ट्रस्ट के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री से भेंट कर योजना की जानकारी दी। ट्रस्ट वर्तमान में हर वर्ष 80 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान कर रहा है और इस संख्या में प्रतिवर्ष 10 विद्यार्थियों की बढ़ोतरी का प्रस्ताव है। अब तक योजना से 348 विद्यार्थी लाभान्वित हो चुके हैं। छात्रवृत्ति से विद्यार्थी एमबीबीएस, कानून, इंजीनियरिंग, प्रबंधन सहित विभिन्न रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की पढ़ाई कर रहे हैं। रोहित ठाकुर ने कहा कि यह पहल विशेषकर ग्रामीण, दूरदराज और पहाड़ी क्षेत्रों के ऐसे विद्यार्थियों के लिए महत्त्वपूर्ण है, जो आर्थिक तंगी के कारण उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। इस अवसर पर वाहिनी स्कॉलरशिप ट्रस्ट की प्रबंध निदेशक राशमनी, ऑपरेशन मैनेजर खुशनुमा परवीन और शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

ये सुविधाएं मिलेंगी

योजना के तहत चयनित विद्यार्थियों की ट्यूशन फीस और शैक्षणिक खर्च का पूरा वहन किया जाता है। इसके अलावा लैपटॉप, वाई-फाई, पुस्तकें, छात्रावास सुविधा और वर्ष में एक बार घर आने-जाने का खर्च भी दिया जाता है।

शर्तें निर्धारित

छात्रवृत्ति के लिए परिवार की वार्षिक आय तीन लाख रुपए से कम होना तथा विद्यार्थी का दसवीं की बोर्ड परीक्षा में कम से कम 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करना और वर्तमान में बारहवीं कक्षा में अध्ययनरत होना अनिवार्य है।

■ अब तक 348 विद्यार्थियों को मिला योजना का लाभ

दिन की खबर

सीपीआरआई ने मनाया 78वां स्थापना दिवस

शिमला। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला का 78वां स्थापना दिवस समारोह शुक्रवार को संस्थान के सभागार में धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह में शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कुमार कश्यप मुख्य अतिथि, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महावीर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन नाराज

चांदपुर। पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश जिला बिलासपुर के प्रधान और अन्य सदस्यों ने संयुक्त बयान में कहा कि मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश के पेंशनरों के साथ 15 अगस्त को महंगाई भत्ता व बकाया एरियर की घोषणा नहीं होने पर सरकार के खिलाफ रोष जताया है। उन्होंने मुख्यमंत्री पर पेंशनरों से किए वादे से पीछे हटने का आरोप लगाया है।

कुल्लू में स्कूलों की हालत से छात्र परेशान

कुल्लू। शिक्षा को बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव माना जाता है, लेकिन तीर्थन घाटी के दूरदराज क्षेत्रों में कई स्कूल भवनों की खराब हालत शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है। ग्राम पंचायत पेखड़ी के राजकीय माध्यमिक विद्यालय नाहीं का भवन असुरक्षित घोषित होने के बाद यहां पढ़ने वाले 22 विद्यार्थियों के लिए टीन की चादरों से अस्थायी व्यवस्था की गई है। वहीं पेखड़ी-1 और पेखड़ी-2 प्राथमिक स्कूलों के

चंबा में स्कूलों के मर्जर को लेकर बड़ा बदलाव

कार्यालय संवाददाता-शिमला



हिमाचल प्रदेश सरकार ने चंबा जिला के सिहुंता में शिक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ा फैसला लिया है। राज्यपाल की मंजूरी के बाद राजकीय उच्च विद्यालय (छात्रा) सिहुंता का विलय राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिहुंता (सीबीएसई) में कर दिया गया है। इसके साथ ही राजकीय प्राथमिक विद्यालय (छात्रा) और राजकीय प्राथमिक विद्यालय (छात्र) सिहुंता को भी एकीकृत कर एक ही सह-शैक्षणिक राजकीय प्राथमिक विद्यालय बनाया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से जनहित में लागू होगा। विलय के बाद सिहुंता में संबंधित विद्यालय एकल सह-शैक्षणिक संस्थान के रूप में संचालित होंगे। नए बने राजकीय प्राथमिक विद्यालय की पहचान बरकरार रहेगी। वहीं पूरे प्रशासनिक नियंत्रण की जिम्मेदारी राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिहुंता के प्रधानाचार्य के अधीन रहेगी। शिक्षा विभाग के सचिव राकेश कंवर, आईएएस की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं।

सीडीओई में प्रवेश की तिथि बढ़ी

शिमला। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (सीडीओई) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय ने राहत दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन प्रवेश एवं पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। इसके तहत स्नातक, स्नातकोत्तर और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी अब 31 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीकरण कर सकेंगे। विश्वविद्यालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 23 अगस्त निर्धारित की गई है।

पीडब्ल्यूडी में पद समाप्त करने की तैयारी

सरकार के पास पहुंचा लंबे समय से खाली चल रहे पदों का ब्यौरा

वरिष्ठ संवाददाता — शिमला

आर्थिक सुधारों की दिशा में आगे बढ़ रही राज्य सरकार लोक निर्माण विभाग में कई पदों को समाप्त करने की तैयारी में है। इसके लिए विभाग में लंबे समय से रिक्त चल रहे पदों का ब्यौरा सरकार के पास पहुंच गया है। जरूरत के मुताबिक विभाग में पदों को रखने की सरकार की योजना है। लिहाजा इससे जुड़े प्रस्ताव को कैबिनेट की बैठक में रखने की सरकार की तैयारी है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार ने प्रदेश की आर्थिक सेहत को सुधारने के लिए कई कदम उठा रही है। इसी कड़ी में सरकार ने प्रदेश में आईएएस, आईपीएस व आईएफएस के पदों में कटौती को लेकर प्रस्ताव केंद्र को भेज दिया है। अब राज्य सरकार प्रदेश के अलग-अलग विभागों में पदों को लेकर पूरी जानकारी हासिल कर रही है। हालांकि इससे पहले सरकार ने वन विभाग में रेंज ऑफिसर और डिप्टी रेंजर दोनों के 20 पद समाप्त किए हैं। अब पता चला है कि सरकार लोक निर्माण विभाग में भी कई पदों को समाप्त करने की तैयारी में हैं। अब ताजा जानकारी यही है कि पीडब्ल्यूडी प्रदेश मुख्यालय से विभिन्न पदों को लेकर पूरी ब्यौरा राज्य सरकार को भेज दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि प्रदेश मंत्रिमंडल की आगामी बैठक में इससे जुड़े प्रस्ताव को रखा जा सकता है

जरूरी पदों पर होगा विचार

सूत्रों का कहना है कि प्रदेश मुख्यालय से विभाग में लंबे समय से रिक्त चल रहे पदों का पूरा ब्यौरा तैयार कर लिया गया है और इसे राज्य सरकार को भेज दिया है। बताया जा रहा है कि विभाग में मैसन, ब्लैक स्मिथ समेत अन्य कई पद हैं, जो लंबे समय से खाली चल रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि विभाग में आवश्यकता के अनुरूप विभिन्न पद रखे जाएंगे। इसके लिए विभिन्न स्तर के अधिकारियों के पदों को भी सरकार समाप्त कर सकती है। इस फेहरिस्त में इंजीनियर्स के पद भी शामिल है।

लंबित मेहनताना राशि जल्द जारी करे शिक्षा बोर्ड

धर्मशाला। प्रदेश भर से बोर्ड परीक्षाओं में सेवाएं व उत्तरपुस्तिकाओं की जांच करने वाले शिक्षकों के पिछले दो साल के भुगतान को अब तक स्कूल शिक्षा बोर्ड नहीं कर पाया है। इसके चलते अब प्रदेश भर के शिक्षकों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। इसके चलते हिमाचल प्रदेश राजकीय अध्यापक संघ ने भी कड़ा विरोध जताते हुए राज्य भर के शिक्षकों के लंबित मेहनताने का हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से जल्द भुगतान की मांग जोर-शोर से रखी है। सचिन जसवाल ने इस वर्ष आयोजित मैट्रिक और जमा दो की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों की डीएमसी जल्द जारी करने की भी मांग की।

घुमारवीं में बनेगी ग्रीन मार्केट

राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने लिया फैसला

कार्यालय संवाददाता — शिमला

हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने किसानों को बेहतर बाजार सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए बिलासपुर जिला के घुमारवीं में ग्रीन मार्केट बनाने का फैसला लिया है। बोर्ड की बैठक में इसके अलावा किसानों की उपज को दूसरे राज्यों तक पहुंचाने और उचित दाम दिलाने के लिए ई-नाम के माध्यम से अंतरराज्यीय कारोबार को आसान बनाने पर भी महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इसके तहत दूसरे राज्यों के व्यापारिक लाइसेंस को मान्यता देने और समयबद्ध तरीके से डिजिटल लाइसेंस जारी करने की व्यवस्था की जाएगी। इससे किसानों को उपज का उचित मूल्य मिलने के साथ भुगतान भी जल्द हो सकेगा। हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रदेश की कृषि मंडियों को अधिक सुविधाजनक बनाने और मंडी व्यवस्था को मजबूत करने से जुड़े कई फैसले लिए गए। बैठक में यह भी तय किया गया कि प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों के ठहरने तथा भोजन पर होने वाला खर्च बोर्ड और संबंधित कृषि उपज मंडी समितियां वहन करेंगी।

■ बोर्ड अध्यक्ष बोले, किसानों को मिलेगा बेहतर बाजार

जल्द भरे जाएंगे पद

मंडी बोर्ड और प्रदेश की 10 कृषि उपज मंडी समितियों के कामकाज को मजबूत करने के लिए एक सहायक सचिव, तीन कनिष्ठ कार्यालय सहायक (लेखा) और 13 कनिष्ठ कार्यालय सहायक (सूचना एवं प्रौद्योगिकी) के पद नौकरी प्रशिक्षु आधार पर भरने का फैसला लिया गया। इसके अलावा बोर्ड कार्यालय में अधीक्षक वर्ग-1 के दो, कृषि उपज मंडी समितियों के कार्यालयों में अधीक्षक वर्ग-2 के छह और वरिष्ठ सहायक के छह पद सृजित किए जाएंगे। कर्मचारियों को पदोन्नति के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने के लिए समिति गठित करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया।

अक्षत ने टॉप-50 में बनाई जगह

कुल्लू। कुल्लू कॉन्वेंट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मौहल के प्रतिभाशाली छात्र एवं किन्नौर जिला के जानी गांव के बेटे अक्षत नेगी ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतिभा प्रतियोगिता इंडियाज टैलेंट फाइट में शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष 50 प्रतिभागियों में स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय, परिवार, गांव और पूरे हिमाचल प्रदेश में खुशी का माहौल है। अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर से करीब दो लाख प्रतिभाशाली बच्चों ने हिस्सा लिया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि अक्षत जैसी उपलब्धियां अन्य विद्यार्थियों को भी अपनी प्रतिभा निखारने और राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।

डिजिटल होंगे छात्रों के पहचान पत्र

एचपीयू ने जारी किए दिशा-निर्देश, आगामी शैक्षणिक सत्र से होंगे लागू

स्टाफ रिपोर्टर-शिमला



हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 से विद्यार्थियों के पहचान पत्र को डिजिटल करने का फैसला लिया है। विश्वविद्यालय की ओर से बुधवार को जारी परिपत्र के अनुसार अब विद्यार्थियों को पहचान पत्र विश्वविद्यालय के विद्यार्थी पोर्टल के माध्यम से डिजिटल रूप में जारी किए जाएंगे। विद्यार्थियों को पोर्टल पर जाकर अपना डिजिटल पहचान पत्र डाउनलोड करना होगा। विश्वविद्यालय ने सभी शिक्षण विभागों और संस्थानों के अध्यक्षों एवं निदेशकों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने विभागों के विद्यार्थियों को डिजिटल पहचान पत्र डाउनलोड करने की प्रक्रिया की जानकारी दें। साथ ही परिपत्र को विभागों के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करने के लिए भी कहा गया है। विद्यार्थियों को सबसे पहले एचपीयू विद्यार्थी पोर्टल पर जाना होगा। इसके बाद पंजीकरण संख्या और पासवर्ड के माध्यम से अपने विद्यार्थी खाते में प्रवेश करना होगा। पोर्टल में प्रवेश करने के बाद पहचान पत्र वाले विकल्प पर जाना होगा। इसके बाद कक्षा अनुक्रमांक अपडेट करें वाले विकल्प पर क्लिक कर अपना कक्षा अनुक्रमांक दर्ज करना होगा। शोधार्थियों के मामले में नामांकन संख्या दर्ज करनी होगी। जानकारी दर्ज करने और सहेजने के बाद दोबारा पहचान पत्र वाले विकल्प पर जाकर डाउनलोड विकल्प से डिजिटल पहचान पत्र सुरक्षित किया जा सकेगा।

विभागों को निर्देश

विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय ने सभी विभागाध्यक्षों और संस्थान निदेशकों से कहा है कि वे अपने विभाग के विद्यार्थियों को डिजिटल पहचान पत्र डाउनलोड करने के संबंध में जानकारी दें। छात्रों की सुविधा के लिए जारी परिपत्र को विभाग के सूचना पट्ट पर भी प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं।

आंगनबाड़ी वर्कर्ज और हेल्पर्ज को जल्द मिलेंगे मोबाइल फोन

स्टाफ रिपोर्टर-शिमला



आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर्स यूनियन की राज्य कमेटी की ओर से आठ जून की हड़ताल के प्रथम चरण के तहत गुरुवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक के साथ बैठक आयोजित की गई। यूनियन की राज्य महासचिव वीना शर्मा ने कहा कि बैठक में आंगनबाड़ी कर्मियों की लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई और कई महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर विभाग ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कर्मियों को ग्रेच्युटी देने के लिए स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेज दिया गया है। स्वीकृति प्राप्त होते ही इसे लागू कर दिया जाएगा। लंबे समय से लंबित सुपरवाइजर भर्ती प्रक्रिया को जल्द शुरू करने का आश्वासन भी विभाग की ओर से दिया गया है। आयुष्मान कार्ड में आंगनबाड़ी कर्मियों के परिवार के सदस्यों को शामिल करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ वार्ता की जाएगी। यूनियन ने पोषण ट्रैकर पर कार्य करने के लिए कर्मियों को मोबाइल फोन उपलब्ध करवाने की मांग रखी, जिस पर जल्द फोन उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया गया।

■ कर्मियों की मांगों पर निदेशक महिला-बाल विकास विभाग से वार्ता में बनी सहमति

हिमाचल के काफनू से लद्दाख के कारजोक तक पैदल यात्रा

ठियोग। देशभर की चयनित एनसीसी छात्राओं एवं महिला कैडेट्स का अखिल भारतीय गर्ल्स हाई-एल्टीट्यूड एक्सपीडिशन दल गुरुवार शाम ठियोग पहुंचा। इस विशेष अभियान का उद्देश्य नारी शक्ति, महिला सशक्तिकरण और विकसित भारत का संदेश देशभर में पहुंचाना है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 18 अगस्त को दिल्ली से इस अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। अभियान में देश के विभिन्न हिस्सों से चयनित एनसीसी छात्राएं एवं महिला कैडेट्स शामिल हैं। अभियान दल हिमाचल प्रदेश के किन्नौर के काफनू से लद्दाख के कारजोक तक करीब 250 किलोमीटर की पैदल यात्रा करेगा।

स्काउट्स एंड गाइड्स से जोड़े जाएंगे दो लाख युवा

कार्यालय संवाददाता-शिमला

हिमाचल प्रदेश में स्काउटिंग एंड गाइडिंग का दायरा अब बड़े स्तर पर बढ़ाया जाएगा। प्रदेश में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स से जुड़े बच्चों और युवाओं की संख्या को अगले शैक्षणिक सत्र तक 40 हजार से बढ़ाकर दो लाख करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए स्कूलों के साथ विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों में भी स्काउटिंग एवं गाइडिंग गतिविधियों को विस्तार दिया जाएगा। इसके साथ ही जिला स्तर पर रोवर और रेंजर की संगठनात्मक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नए पद सृजित किए जाएंगे। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की अध्यक्षता में यह फैसला लिया गया है। रोहित ठाकुर ने कहा कि स्काउटिंग एवं गाइडिंग आंदोलन को केवल स्कूलों तक सीमित रखने के बजाय विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों तक ले जाना जरूरी है।

युवाओं को सिखाए जाएंगे टीम भावना के गुर

शिक्षा मंत्री ने कहा कि स्काउटिंग एवं गाइडिंग बच्चों और युवाओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, टीम भावना, आत्मनिर्भरता, सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा की भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम है।

अधिकारियों और कर्मचारियों को दिलाई सद्भावना की शपथ

शिमला। राज्य बिजली बोर्ड मुख्यालय कुमार हाउस में गुरुवार को सद्भावना दिवस मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता बोर्ड के निदेशक कार्मिक एवं वित्त श्रवण कुमार मांटा ने की। इस मौके पर निदेशक ने अधिकारियों-कर्मचारियों को सद्भावना शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सद्भावना हमारे देश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे हमें बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कर्मचारियों से बिना किसी भेदभाव के आम जनता का कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अहिंसा सभी समस्याओं का हल है और हमें हर मामले संवैधानिक माध्यमों से ही सुलझाने चाहिए।

कर्मचारियों को वेतन का इंतजार

शिमला। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के कर्मचारियों को अगस्त माह का वेतन अब तक जारी नहीं हुआ है। माह की 20 तारीख बीतने के बावजूद नियमित कर्मचारियों के साथ-साथ निगम में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को भी वेतन नहीं मिला है। कर्मचारियों ने सरकार और निगम प्रबंधन से जल्द वेतन जारी करने की मांग उठाई है। संघ के सचिव राजकुमार शर्मा ने कहा कि निगम कर्मचारियों को हर माह वेतन मिलने में देरी का सामना करना पड़ रहा है। इस माह भी 20 अगस्त तक वेतन जारी नहीं किया गया है।

MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN:L65910KL1992PLC006623,
RegisteredOffice:W-4/638A,ManappuramHouse,
P.O.Valapad,Thrissur-680567,Kerala,India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16/09/2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
कांगड़ा, धर्मशाला हिमाचल प्रदेश, 0138470700003902, 3918, 3925, 3931, 3934, 0138470730006912, 6921, 6923, 6925, 6928, 6950, 6951, 6952, 6953, 6954, 6955, 6956, 6957, 6958, 6993, 6998, 7008, धर्मशाला रोड़ कांगड़ा, 0135950700008911, 8979, 8980, 8982, 9492, 0135950730011816, 2055, 3191, 6361, 6367, 6371, 6391, 6396, 6426, वोल कैंट, 0139420700003461, 3472, 3502, 3503, 3511, 3517, 0139420730005742, 5743, 5771, 5773, 5779, 5783, 5784, 5785, 5786, 5787, 5796, 5802, 5810, 5813, 5814, मंडी, नेर चौक सुदरनगर, 0139010700003597, 3715, 3729, 3734, 3772, 4230, 4248, 4249, 4250, 4272, 4273, 4277, 4278, 0139010730004119, 4131, 4169, 4221, 6322, 6324, 6330, 6334, 6335, 6336, 6337, 6339, 6340, 6341, 6342, 6343, 6346, 6347, 6349, 6350, 6353, 6360, 6363, 6364, 6373, 6383, 6391, 6393, 6394, 6399, 6411, रामनगर मंडी, 0137800700002847, 2858, 2873, 2882, 2888, 0137800730004000, 4026, 4034, सुंदर नगर-एपी, 0136030700010063, 0609, 0613, 0614, 1208, 1209, 1214, 1216, 1218, 1222, 1226, 1227, 1233, 1244, 1253, 1262, 0136030730008360, 1075, 1080, 1084, 1106, 1107, 1109, 1110, 1111, 1113, 1119, 1120, 1127, 1129, 1130, 1131, 1135, 1136, 1139, 1141, 1142, 1143, 1144, 1145, 1147, 1148, 1149, 1150, 1152, 1154, 1157, 1161, 1163, 1174, 1175, 1176, 1177, 1186, 1187, 1189, 1196, 1199, 1201, 1202, 1203, 1204, 1208, 1213, 1219, 1223, सोलान, बद्दी एच.पी., 0135990700017310, 7312, 7339, 7368, 8159, 8173, 8174, 8177, 8183, 8192, 8194, 8198, 8200, 8211, 8219, 0135990730012872, 3064, 3085, 7104, 7115, 7117, 7118, 7122, 7123, 7129, 7144, 7159, 7168, 7177, 7178, 7181, 7197, 7208, 7209, 7210, 7211, 7212, 7213, 7222, 7229, 7230, 7231, 7235, 7253, 7259, 7260, 7265, 7268, परवानू, 0127190700008559, 8573, 8894, 8906, 8917, 0127190730006465, 6473, 6478, 6484, ठाकुर कॉम्प्लेक्स सोलन, 0135150700013181, 3210, 3216, 3268, 3287, 4044, 4046, 4053, 4061, 4063, 4064, 4075, 4078, 4079, 4097, 4100, 4103, 4109, 0135150730016601, 6608, 6613, 6617, 6618, 6621, 6627, 6630, 6638, 6639, 6643, 6649, 6650, 6651, 6652, 6653, 6656, 6670, 6674, 6687, 6694, 6695, 6698, 6701, 6703, 6704, 6708, 6713, 6715, 6717, 6718, 6725, 6726, 6727, 6730, 6731, 6736, 6758, 0127, उना, अम्ब उना एच.पी., 0138770700003067, 3072, 3078, 0138770730003564, 3570, 3576, हमीरपुर रोड उना, 0135130700008129, 8150, 0135130730007932, 7939, 7947, 7949, 7959, 7960, 7961, 7963, 7964, 7974, 7975, 7985, 7987, 7988, मेंहतपुर बस्दहरा, 0138550700003477, 4003, 4010, 0138550730001822, 3350, 3351, 3357, 3363, 3365, 3366, 3368, 3370, संतोखगढ़ ऊना हिमाचल प्रदेश, 0138710700004105, 4618, 0138710730002395, 4132, 4133, 4171, 4192,

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के ज़रिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया 9911809139 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु

सुबह 6:53 से 12:31 बजे तक चंद्रग्रहण

इस साल का दूसरा ग्रहण 28 अगस्त को

निजी संवाददाता-जवाली



साल 2026 का दूसरा और अंतिम चंद्रग्रहण 28 अगस्त 2026, शुक्रवार को लगेगा। यह ग्रहण 28 अगस्त को सुबह 6:53 बजे शुरू होकर दोपहर 12:31 बजे तक प्रभावी होगा। यह ग्रहण दुनिया के कई हिस्सों में दिखेगा लेकिन, भारत में यह चंद्रग्रहण नजर नहीं आएगा। ज्वाली के ज्योतिषी पंडित विपन शर्मा ने बताया कि ग्रहण के समय चंद्रमा अपने परम शत्रु शनि की राशि कुंभ और दूसरे कट्टर शत्रु राहु के शतभिषा नक्षत्र में विराजमान रहेंगे। शनि और राहु के इस दोहरे प्रभाव के कारण चंद्रमा पूरी तरह से उनके मायाजाल में उलझे रहेंगे, जिसका प्रतिकूल असर मानव जीवन और देश-दुनिया पर देखने को मिलेगा। चंद्रमा के शनि और राहु के प्रभाव में रहने से आम जनमानस को कई मोर्चों पर चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। लोगों में मानसिक तनाव, घबराहट और नकारात्मक विचारों की अधिकता रहेगी। सीने से जुड़े रोग और फेफड़ों से संबंधी परेशानियां बढ़ सकती हैं। माता के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। भूमि, भवन और वाहन से जुड़ी समस्याएं सामने आ सकती हैं।

इन चार राशियों के लिए प्रतिकूल रहेगा समय

कर्क राशि : चंद्रमा आपकी राशि के स्वामी हैं, इसलिए सेहत पर सीधा असर पड़ेगा। सिरदर्द, आंखों की समस्या और ब्लड प्रेशर बढ़ने की शिकायत हो सकती है। आर्थिक नुकसान के योग हैं, अत: निवेश और लेन-देन से बचें। गलत संगति और नकारात्मकता से दूरी बनाएं।

सिंह राशि: अनियंत्रित खर्चों के कारण मानसिक तनाव बढ़ेगा। वाणी पर संयम न रखने से अपनों से रिश्ते बिगड़ सकते हैं और घर में कलह हो सकती है। कार्यक्षेत्र में काम का बोझ और दबाव अधिक रहेगा।

वृश्चिक राशि: शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। जीवनसाथी और बच्चों की सेहत की चिंता सता सकती है। पैसों से जुड़ा कोई भी फैसला जल्दबाजी में न लें और कार्यस्थल पर संभलकर काम करें।

मीन राशि: इस दौरान कोई बड़ा निर्णय लेने से बचें। धन के लेन.देन या निवेश में फंसने की पूरी संभावना है। कार्यक्षेत्र में बाधाएं आएंगी और सफलता के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ेगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें और विवादों से दूर रहें।

वंदे मातरम् के पूर्ण गायन से कांग्रेस का परहेज करना दुर्भाग्यपूर्ण कदम

स्टाफ रिपोर्टर-हमीरपुर



अनुराग ठाकुर

कांग्रेस वर्किंग कमेटी द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के पूर्ण गायन से परहेज करने के निर्णय पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस का यह फैसला पूरी तरह राष्ट्रविरोधी, संविधान विरोधी और संसद विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। तुष्टिकरण की राजनीति में डूबी कांग्रेस अब राष्ट्रीय गीत के सम्मान को भी राजनीतिक चश्मे से देखने लगी है। सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की स्वतंत्रता, राष्ट्रभक्ति और करोड़ों देशवासियों की भावनाओं का प्रतीक है। कांग्रेस को यह समझना चाहिए कि राष्ट्र के सम्मान और राष्ट्रीय प्रतीकों के साथ राजनीति नहीं की जा सकती। सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस आज संविधान की दुहाई देती है, लेकिन उसे यह भी याद रखना चाहिए कि संविधान की मूल भावना राष्ट्र की एकता, अखंडता और नागरिकों में राष्ट्रीय चेतना को मजबूत करने की है। संसद में राष्ट्रीय गीत के सम्मान और उसके महत्त्व को लेकर देश की भावनाओं का सम्मान होना चाहिए, न क